**भा.कृ.अनु.प.- राष्ट्रीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान**
खंडवा रोड, इंदौर – 452001

**फा. सं.: प्रेस एवं मीडिया/प्रेस नोट/2026** **दिनांक: 20.06.2026**

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किश्त का एन.एस.आर.आई., इंदौर में सजीव वेबकास्ट आयोजित

इंदौर,20 जून2026 - प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी ने आज दिनाक - 20 जून2026 को पी एम किसान उत्सव दिवस के अवसर पर "प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना" की 23 वीं किश्त का बटन दबाकर 9.44 करोड़ से अधिक पात्र किसानों को ₹ 18,800 करोड़ से अधिक की राशि सीधे उनके बैंक खाते में ट्रांसफर की। पश्चिमबंगाल के हुबली जिले के तारकेश्वर में मुख्य कार्यकृम किसान उत्सव दिवस का आयोजन हुआ । इस आयोजित कार्यक्रम का भा कृ अनु .प.- राष्ट्रीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, इंदौर (म .प्र .) के व्याख्यान कक्ष, भटनागर हाल में सीधा वेबकास्ट किया गया । इस कार्यकृम में म .प्र. के विभिन्न जिलों के256 कृषकों एवं संस्थान के समस्त कर्मचारियों सहित कुल 290 लोगों ने भाग लेकर कार्यकम में सहभागिता की।
इस अवसर पर कार्यक्रम के दौरान संस्थान की " आदिवासी उपयोजना," (TSP ) के अर्न्तगत बड़वानी जिले के पात्र किसानों 50 लाभार्थियों को बैटरी चलित स्प्रेयर पंपों का वितरण किया गया । संस्थान द्वारा संचालित अनुसूचित जाति उपयोजना (SCSP ) के तहत म .प्र. के सिहोर जिले के 71 पात्र किसानों को सोयाबीन बीज किस्म जे . एस .21 -72, के साथ त्रिपाल, आदान का वितरण किया गया ।
इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. कुवर हरेन्द्र सिंह द्वारा अपने संबोधन में सोयाबीन उत्पादन की उन्नत तकनीकी के बारे में विस्तार से बताया ।



